अग्रवाल महविद्यालय के संभाग प्रथम के सभागार में दिनाँक 01–09–2015 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में वाणिज्य फोरम के अंर्तगत उपभोक्ता संरक्षण "जागो ग्राहक जागो" विषय पर वाणिज्य की छात्राओं द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पर पावर पॉइन्ट प्रेजेंटेशन दिया और छात्राओं को इस अधिनियम के विविध पहलुओं से अवगत करवाया. कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरुकता के संदर्भ में रोचक जानकारीप्रद डाक्युमेन्ट्री भी विद्यार्थियों के लिए प्रदर्शित की गई. विद्यार्थियों के एक समूह ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया. जिसमें उपभोक्ता से संबंधित विभिन्न समस्याओं और उनके समाधानों का मनोरंजनात्मक रुप में प्रस्तुतीकरण किया. कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की अध्यक्षा श्रीमती शोभना गोयल सहित समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे.